# हरिभूमि जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 15 नवंबर 2025

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा


तापमान

अधिकतम 16.2 डिग्री

न्यूनतम 8.2 डिग्री


बच्चों को साइबर सुरक्षा व कानूनी अधिकारों की दी जानकारी 4




## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। जशपुर तहसील अंतर्गत ग्राम गम्हरिया निवासी स्व. रोहन कुमार यादव का तालाब के पानी में डूबने से 06 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पिता सत्यवान कुमार यादव हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### धान खरीदी हेतु एग्रिस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन अनिवार्य

**जशपुरनगर।** राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ किए जाने का निर्णय लिया गया है। धान खरीदी के लिए भारत सरकार, कृषि मंत्रालय के एग्रिस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन (एक्सेम्प्टेड श्रेणी को छोड़कर) अनिवार्य किया गया है। एग्रिस्टेक पोर्टल में किसान को प्राप्त फार्मर आईडी के साथ उनके फार्म आईडी (खसरे) को लिंक किया जाना आवश्यक है। वर्तमान में यूनिफाइड फार्मर पोर्टल में पंजीकृत किसानों के ऐसे खसरे एग्रिस्टेक पोर्टल में कैरी फ़ॉरवर्ड तो हो गए हैं, लेकिन वे सभी खसरे फार्मर आईडी से लिंक नहीं हैं। मार्कफेड की वेबसाइट पर उपलब्ध रिपोर्ट नंबर 15 में स्पष्ट किया गया है कि किस समिति के किस किसान का कौन-सा खसरा यूनिफाइड फार्मर पोर्टल से कैरी फ़ॉरवर्ड तो हो गया है, परंतु एग्रिस्टेक पोर्टल में वह फार्म आईडी के रूप में लिंक नहीं है। ऐसे सभी छूटे हुए खसरों को एग्रिस्टेक पोर्टल में लिंक किया जाना आवश्यक है, ताकि समिति स्तर पर धान खरीदी के लिए ये भूमि विवरण उपलब्ध हो सकें। प्रक्रिया किसान स्वयं भी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान निकटस्थ सीएससी या तहसीलदार कार्यालय में जाकर भी लिंक कार्य करा सकते हैं। जिला प्रशासन ने अपील की है कि जिन किसानों के खसरे किसी कारणवश एग्रिस्टेक पोर्टल में लिंक नहीं हो पाए हैं, वे शीघ्र तहसील कार्यालय, सीएससी या स्वयं ऑनलाइन माध्यम से यूएफआर प्रक्रिया पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि यूएफआर प्रक्रिया हेतु अपना मोबाईल और आधार नंबर भी साथ में ले जाए। छूटे हुए खसरों का अवलोकन कर शीघ्र यूएफआर किया जाना आवश्यक है। छूटे हुए खसरों की जानकारी संबंधित पटवारी, कृषि विकास विस्तार अधिकारी और तहसील कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### आयुर्वेद चिकित्सक को कार्य में उपस्थित होने का आदेश

**जशपुरनगर।** जिला आयुष विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्पेशलाईज्ड थेरेपी सेंटर बगीचा में 12 अक्टूबर 2022 से विशेषज्ञ चिकित्सक (एमडी पंचकर्म) का पद रिक्त होने के कारण आयुर्वेद चिकित्सा विद्या पंचकर्म के तहत चिकित्सा व्यवस्था अन्य आयुर्वेद चिकित्सक के द्वारा संस्था का संचालन कराया जा रहा है। आयुष अधिकारी ने बताया कि आयुर्वेद विशेषज्ञ चिकित्सक (एमडी पंचकर्म) नहीं होने के कारण अन्य आयुर्वेद चिकित्सक को सप्ताह में 03 दिवस वहां कार्य करने के लिये आदेशित कर दिया गया है और पूर्व में पदस्थ आयुष चिकित्सक को अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ सूचना जारी की गई है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। पंचकर्म विशेषज्ञ डॉक्टर जिला जशपुर हेतु 03 पद स्वीकृत है, जिनमें से 01 विशेषज्ञ चिकित्सक जिला मुख्यालय के जिला चिकित्सालय आयुषविंग जशपुर में पदस्थ है तथा 01 विशेषज्ञ चिकित्सक स्पेशलाईज्ड थेरेपी सेंटर पत्थलगांव में पदस्थ है। जिला मुख्यालय जशपुर में एमडी पंचकर्म विशेषज्ञ चिकित्सक और अन्य चिकित्सक अतिशेष एवं संलग्न नहीं हैं। स्पेशलाईज्ड थेरेपी सेंटर बगीचा में पंचकर्म विशेषज्ञ चिकित्सक की 01 पद रिक्त है।

### विधायक, सांसद, कलेक्टर, एसएसपी सहित नागरिक हुए शामिल

# सरदार पटेल की जयंती निकला यूनिटी मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारत रत्न एवं देश के प्रथम उप–प्रधानमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज जशपुर जिले में भव्य "यूनिटी मार्च" का आयोजन किया गया।

▪ बंदरचुआं से 10 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए दोकड़ा सेजेस स्कूल तक पूर्ण की पदयात्रा

रैली ग्राम बंदरचुआँ चौक से प्रारंभ होकर लगभग 10 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए ग्राम दोकड़ा स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द्र के संदेश के साथ निकाली गई यह रैली जशपुर की सबसे जागरूकता–प्रधान और जनसहभागिता वाली रैली रही। मार्च में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया उपस्थित रहे। विशिष्ट ⏭ शेष पेज 4 पर






### जनप्रतिनिधियों ने सरदार पटेल के राष्ट्रनिर्माण में योगदान को किया स्मरण

समापन समारोह में सांसद राधेश्याम राठिया ने सरदार पटेल को देश की एकता का आधारस्तंभ बताते हुए कहा कि स्वतंत्रता के बाद देशी रियासतों का भारत में विलय कर उन्होंने भारत को मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि पटेल की नीतियाँ आज भी देश को मार्गदर्शन देती हैं। महान पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल छोटे से किसान परिवार से ताल्लुक रखते हुए देश सेवा में आगे बढ़े। भारत को एकजुट करने पूरी ताकत झोंक दी। कई रियासत जब देश से अलग होना चाहते थे उस टाइम 500 से अधिक रियासतों को माला जैसे एक सूत्र में पिरोकर भारत देश में मिला दिया। उन्होंने सरदार पटेल के संघर्षों एवं देश प्रेम पर प्रकाश डालकर लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने बगिया के हाई स्कूल में विद्यार्थियों एवं आमजनों को नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ भी दिलाई। साथ ही स्वयं एवं अपने आसपास के लोगों को नशा से दूर रहने प्रेरित किया। पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय और जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने भी सरदार पटेल की दूरदर्शिता, प्रशासनिक क्षमता और राष्ट्रभक्ति का उल्लेख करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। जब देश में विभाजन का आग सुलग रहा था उस समय उन्होंने सभी प्रांतों और रियासतों को भारत में विलय किए तथा देश को अखंड भारत के रूप में स्थापित किया। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी जीवटता के साथ काम किया।

### ग्राम बंदरचुवां से ग्राम दोकड़ा तक 10 किमी की भव्य यात्रा

यूनिटी मार्च ग्राम बंदरचुवां चौक से प्रारंभ होकर बगिया होते हुए मुख्य मार्गों से मैनी नदी पार करते हुए गांव दोकड़ा में स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल तक पहुँची। मार्च के प्रारंभ में सरदार पटेल की छायाचित्र पर अतिथियों ने माल्यार्पण कर नमन किया। रैली के दौरान आसपास के ग्रामीणों ने तालियों और देशभक्ति नारों के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

### यूनिटी मार्च देश की सामाजिक एकता का प्रतीक

कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस यूनिटी मार्च में जनसहभागिता बेहद ⏭ शेष पेज 4 पर



### जशपुर में शिक्षक की दरिंदगी बेनकाब

# अगस्त 2024 से छह बार नाबालिग छात्रा से किया दुष्कर्म

**जशपुरनगर।** जिले में एक रौंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है, जिसने शिक्षा व्यवस्था और मानवता दोनों को शर्मसार कर दिया है। एक नाबालिग छात्रा को अपने ही घर में रखकर पढ़ाई और घरेलू काम करवाने वाले शिक्षक गिरधारी यादव ने अगस्त 2024 से अब तक छह बार छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। हैरत की बात यह है कि छात्रा के अचानक गायब होने पर गुमशुदगी की रिपोर्ट भी आरोपी शिक्षक ने ही दर्ज कराई थी, लेकिन एक दिन बाद ही छात्रा अपने परिजनों के साथ सिटी कोतवाली पंहुच कर शिक्षक के काले करतूत का खुलासा कर दी।

▪ गुमशुदगी की रिपोर्ट भी आरोपी ने ही कराई थी दर्ज

मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता हॉस्टल में रहने के बजाय आरोपी शिक्षक के घर पर ही रहती थी और वहीं खाना बनाने से लेकर साफ-सफाई तक घरेलू कार्य भी करती और स्कूल में अध्ययन करती थी। इसी दौरान आरोपी ने भरोसे का फायदा उठाते हुए उसे अपनी हवस का शिकार बनाना शुरू किया। पुलिस ने जब छात्रा से पूछताछ की, तो उसने बताया कि आरोपी गिरधारी यादव ने पिछले एक वर्ष में कम से कम छह बार उसके ⏭ शेष पेज 4 पर

# एसआईआर के संबंध में जिला एवं विधानसभा स्तर की बैठक

**जशपुरनगर।** जिला कार्यालय जशपुर के सभा कक्ष में जिले के सर्व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ एसआईआर के संबंध में जिला एवं विधानसभा स्तर का बैठक का आयोजन किया गया।

▪ जिले के सर्व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी रहे उपस्थित

जिसमें विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में आयोग के पोर्टल में जाकर मतदाता सूची, सरल क्रमांक, ईपिक नम्बर, वर्ष 2003 के मतदाता सूची को पोर्टल से डाउनलोड कर एवं मतदान केन्द्रवार सूची प्राप्त करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में मतदाता स्वयं में जाकर अपने गणना पत्रक भर सकते हैं तथा बीएलओ द्वारा 04 नवम्बर 2025 से 04 दिसम्बर 2025 तक घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरण एवं गणना पत्रक पूर्ण भराया जाकर बीएलओ एप्प के माध्यम से ऑनलाईन प्रविष्टी की जायेगी। सर्व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत किये जा रहे कार्य को सरल सुगम बनाने हेतु बूथ लेवल एजेण्ट के माध्यम से सहयोग करने की अपेक्षा की गई एवं व्यापक प्रसार कर सभी मतदाताओं का निर्धारित ⏭ शेष पेज 4 पर



# स्वयंसेवकों को उपलब्धि के लिए किया गया सम्मानित

**जशपुरनगर।** शासकीय प्राथमिक शाला हस्तिनापुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया था।

सात दिवसीय विशेष शिविर की समापन समारोह की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष कुनकुरी सुशीला साय थी, जहां एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मो रईसुल हसन खान ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला को मिल रही उपलब्धियों से मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अतिथियों को अवगत कराते हुए कहा कि 8 नवंबर को शिविर स्थल से इस इकाई के तीन स्वयंसेवक अमित राम, सपना बाई, तथा दिव्या रोष खाखा संभाग स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में जीव विज्ञान की व्याख्याता दीपा तिर्की के मार्गदर्शन में शामिल हुए, इनमें अमित राम कला विषय का छात्र है, जो बनाए गए मॉडल ऑटोमेटिक वॉटर डिस्पेंसर का मुख्य हीरो है। इस प्रभावपूर्ण मॉडल के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला के इन छात्रों ने संभाग स्तर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्रांत स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। खान ने अल्बर्ट आइंस्टीन का उदाहरण देते हुए कहा कि, बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं होती है। हर शिक्षक का फर्ज होता है कि, वह अपने दायित्व का निर्वहन वेतन के लिए नहीं बल्कि धर्म मानकर करें। केवल दो-तीन पीरियड अपने विषय का अध्यापन करा लेना दायित्व का निर्वहन नहीं है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों में जो प्रतिभाएं होती है उसे समर्पित भाव से जगाना है।राष्ट्रीय सेवा योजना का यही नसीहत भी है, जिसका आदर्श वाक्य स्वयं से पहले आप अर्थात स्वयं से पहले हर शिक्षक विद्यार्थियों के हित के लिए सोचें और समर्पित भाव से कार्य करें।साथ ही समाज के हित के लिए कार्य करना भी हमारा दायित्व है। राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह के इस मंच पर संभाग स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्रांत के लिए चयनित होने वाले प्रतिभावान स्वयंसेवक अमित राम, सपना बाई एवं दिव्या रोष खाखा को मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सुशीला साय के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित करते हुए फूलों की तरह खिलने तथा चहुं ओर कीर्ति फैलाने की शुभकामनाएं दी तथा सभी शिविरार्थियों को कामयाबी के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति आत्मविश्वास तथा कठिन परिश्रम का संदेश दी। कार्यक्रम अधिकारी खान के व्यक्तित्व तथा वक्तव्य को सुनकर मुख्य अतिथि साय ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि, इस मंच पर यूट्यूब वाले खान सर मौजूद हैं तथा उनके वक्तव्य सुन रहे हैं।




# एसएम ज्ञानोदय के बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति




**पत्थलगांव।** एसएम ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल, पाकरगांव में बाल दिवस बड़े ही उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया। विद्यालय के डायरेक्टर कन्हैया यादव ने बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को देश का भविष्य बताया और उन्हें शिक्षा, अनुशासन एवं संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों द्वारा आकर्षक समूह नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसे विद्यार्थियों ने खूब सराहा। बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए और अपने कला कौशल से सभी को प्रभावित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चों का चंदन-वंदन एवं पुष्प वर्षा ⏭ शेष पेज 4 पर

# जशपुर पुलिस महाराष्ट्र से चार नाबालिगों को वापस लाई

**जशपुरनगर।** जिले के कुनकुरी से लापता चार नाबालिग बच्चे आखिरकार महाराष्ट्र में मिले। जशपुर पुलिस की तत्परता, तकनीकी जांच और तेज कार्रवाई के कारण ऑपरेशन मुस्कान एक बार फिर सफल हुआ। बच्चों की सुरक्षित वापसी के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। लगभग 10 दिन से चल रही बेचैनी अब खुशी में बदल गई है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना कुनकुरी क्षेत्र के परिजनों ने 5 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका 17 वर्षीय बेटा और उसका 15 वर्षीय दोस्त घर से नदी नहाने के लिए निकले थे, लेकिन कई घंटों तक वापस नहीं आए। मोबाइल पर कॉल की गई तो किसी ने फोन नहीं उठाया।देर रात लगभग 9 बजे अचानक 17 वर्षीय बच्चे ने अपनी मां को फोन कर बताया कि हम चारों दोस्त काम की तलाश में केरल जा रहे हैं।इसके बाद परिवार का शक और गहरा गया कि बच्चों को कहीं कोई बहला-फुसलाकर तो नहीं ले गया।पुलिस ने गंभीरता को देखते हुए धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर तुरंत खोजबीन शुरू की।



### फोन ट्रैकिंग से मिला महाराष्ट्र का सुराग, टीम तुरंत रवाना

थाना कुनकुरी पुलिस और जिला तकनीकी टीम ने बच्चों के मोबाइल लोकेशन, डिजिटल फुटप्रिंट और कॉल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। तफ्तीश में पता चला कि बच्चे रायगढ़ (महाराष्ट्र) में हैं।एसएसपी शशि मोहन सिंह ने तुरंत एक विशेष टीम गठित की और बच्चों की सुरक्षित तलाश के लिए उसे महाराष्ट्र भेजा। पुलिस टीम ने तीन राज्यों की दूरी तय करते हुए जिला रायगढ़ के पहाड़ तालुका में बच्चों को ढूंढ निकाला।

### ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु तिथि निर्धारित

**जशपुरनगर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, आईटीआई, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र वर्ष 2025-26 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही पर ऑनलाईन किया जाना है।

### अप्रारंभ कार्य एक सप्ताह में शुरू नहीं होने पर निरस्त करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर कार्य की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी शासकीय योजनाओं के माध्यम से संचालित समस्त निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने प्रगतिरत, स्वीकृत और अप्रारंभ कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

▪ जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी निर्माण कार्यों की समीक्षा की



कलेक्टर ने धीमी प्रगति वाले और समय-सीमा में प्रारंभ न हो पाए कार्यों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अप्रारंभ कार्य यदि एक सप्ताह के भीतर शुरू नहीं किए जाते हैं, तो उन्हें निरस्त किया जाएगा। साथ ही समय-सीमा पर कार्य पूरा न करने पर संबंधित ठेकेदारों का भुगतान रोका जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां स्थल विवाद के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है, उन सभी प्रकरणों के निरस्तीकरण प्रस्ताव तैयार कर तत्काल भेजे। समीक्षा बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी और आरईएस के कार्यपालन अभियंता राजेश श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री व्यास ने मुख्यमंत्री द्वारा घोषित कार्यों, सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, ओबीसी मद, खनिज मद, जनपद पंचायत विकास निधि, मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना, मनरेगा, महतारी सदन, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, मंडी बोर्ड, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास, आदिम जाति कल्याण विभाग, विधायक निधि, सांसद निधि, बाढ़ आपदा मद तथा अन्य योजनाओं के अंतर्गत संचालित प्रत्येक कार्य की विस्तृत समीक्षा की।कलेक्टर ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासकीय राशि आहरण के बावजूद कार्य नहीं करने या राशि के दुरुपयोग में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित सरपंचों और सचिवों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आरईएस एसडीओ, इंजीनीयर, ⏭ शेष पेज 4 पर




## खबर संक्षेप

### डॉ. सिंह बने छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी संघ के महासचिव



**सूरजपुर।** जिले के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ, पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के संयोजक डॉ. आरएस सिंह को छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी संघ का प्रांतीय महासचिव नियुक्त किया गया है। विभागीय कर्मचारियों ने इसे स्वास्थ्य व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव और मजबूत नेतृत्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। डॉ. सिंह पिछले लंबे समय से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। उनकी गिनती अनुभवी, संवेदनशील और परिणाम-उन्मुख चिकित्सकों में होती है। जिले में पदस्थापना के दौरान उन्होंने मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और जनजागरूकता अभियानों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई। स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी संघ में प्रांतीय महासचिव जैसे जिम्मेदार पद पर डॉ. सिंह की नियुक्ति को संगठन में पारदर्शिता, सामंजस्य और सशक्त प्रतिनिधित्व की दिशा में एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

### सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च 17 को

**सूरजपुर।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 17 नवम्बर को जिले में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। यूनिटी मार्च समलाई मंदिर तेलाईकछार से बस स्टैंड बिश्रामपुर तक किया जाएगा। पदयात्रा सुबह 9 बजे समलाई मंदिर तेलाईकछार शुरू होगी जोकि जयनगर, अम्बेडकर चौक, शिवनंदनपुर, मेन मार्केट हनुमान मंदिर - गायत्री मंदिर से होते हुए, शिवनंदनपुर और बस स्टैंड बिश्रामपुर मे इसका समापन होगा। कार्यक्रम के माध्यम से देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता का सशक्त संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर जिले के नागरिक,जनप्रतिनिधि, स्कूल और कॉलेजों की छात्र-छात्राएं, जिला प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी यूनिटी मार्च में शामिल होंगे। युवा प्रतिभागी एकता के प्रतीक सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश देंगे। कलेक्टर एस.जयवर्धन कार्यक्रम के सफल संपादन हेतु नोडल व अन्य संबंधित अधिकारियों के मध्य कार्य का विभाजन कर दिया है और कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुरूप आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने आगे बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद चिंतामणी महाराज व जनप्रतिनिधि अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

### ओपन स्कूल परीक्षा 17 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल की परीक्षाएं आयोजित की जानी है। जिसके लिए 17 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक परीक्षा तिथि निर्धारित की गई है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में उक्त परीक्षा के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (हिन्दी माध्यम) विद्यालय बलरामपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा प्रातः 8.30 से 11.45 बजे तक आयोजित होगी। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा परीक्षा केन्द्र के सघन निरीक्षण एवं अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने हेतु जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया गया है। जिसमें अनुविभागीय दण्डाधिकारी बलरामपुर को दल प्रभारी, सहायक संचालक शिक्षा विभाग एवं नायब तहसीलदार बलरामपुर को दल सदस्य बनाया गया है।

### 56 परीक्षा केंद्रों में होगी अमीन भर्ती परीक्षा

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 7 दिसम्बर को जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सरगुजा जिले अन्तर्गत 56 परीक्षा केन्द्रों में लगभग 18,779 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया जाए। व्यापम द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचना होगा ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व अर्थात सुबह 11:30 बजे परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देंगे। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति होगी। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर हेतु आधे बांह एवं हल्के रंग का बंधन नहीं है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहने, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घडी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जावेगी। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में केवल काले या नीले बॉल पॉइंट पेन लेकर ही आयें।

## सहकारी समितियों में नहीं है बारदाने एवं हमालों की व्यवस्था

# राजस्व एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों को धान खरीदी की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासन के निर्णय के अनुसार प्रशासन द्वारा सहकारी समितियों में 15 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ करने की तैयारियां कर ली गई है। समितियों में धान खरीदी की जिम्मेदारी राजस्व, कृषि एवं खाद्य विभाग के कर्मचारियों को सौंपी गई है। अधिकारी निर्धारित तिथि से धान खरीदी प्रारंभ करने एवं खरीदी में किसी तरह की समस्या नहीं होने का दावा कर रहे हैं। सहकारी समितियों में कार्यरत सभी कर्मचारी अपनी चार सूत्रीय मांगों के समर्थन में अनश्चितकालीन हड़ताल पर है। हड़ताली कर्मचारी अपनी मांगे पूरी होने के बाद ही कार्यस्थल पर लौटने की जिद्द पर अड़े हैं तथा लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण प्रशासन को निर्धारित तिथि से धान खरीदी प्रारंभ करने के लिए कर्मचारियों की वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ी। गुरूवार को कर्मचारियों को पोर्टल पर धान खरीदी करने सहित अन्य आवश्यक विषयों का प्रशिक्षण देने के साथ ही ट्रायल रन कराया गया। प्रशासन द्वारा धान खरीदी की संपूर्ण तैयारियां पूरी कर लेने का दावा किया जा रहा है।

सरगुजा में अभी धान की कटाई पूरी नहीं हुई है। धान की कटाई एवं मिसाई पूरी होने में अभी एक पखवाड़े से अधिक समय लगने की संभावना है। ऐसे में एक पखवाड़े बाद ही सहकारी समितियों में धान की आवक बढ़ने की संभावना है। शुरूआती दिनों में कम धान की आवक होने के कारण खरीदी में कोई समस्या नहीं आने की बात कही जा रही है।

**खास बात**

- साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाओं का भी टोटा




### फड़ों में साफ-सफाई तक नहीं

प्रशासन द्वारा समितियों में धान खरीदी के लिए कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है लेकिन अभी तक समितियों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई है। धान खरीदी के लिए सबसे पहले फड़ को तैयार किया जाता है तथा साफ-सफाई व सुरक्षा की व्यवस्था की जाती है। धान की सुरक्षा के लिए ड्रेनेज की व्यवस्था जरूरी है। इसके लिए जमीन पर प्लास्टिक बोरियों में धान की भूसी भरकर ड्रेनेज की व्यवस्था की जाती है ताकि बारिश एवं नमी से धान खराब नहीं हो सके। धान खरीदी के लिए बारदाना अहम जरूरत है। खरीदी पूर्व समितियों द्वारा 22 बिंदुओं की आवश्यक तैयारियां की जाती है जिसमें से अभी तक एक भी तैयारी नहीं हो सकी है। अभी तक न तो किसी समिति में धान खरीदी के लिए बारदाना उपलब्ध कराया गया है न ही धान की भूसी एवं प्लास्टिक बोरी। पोर्टल पर धान खरीदी करना भी आसान नहीं है। ऐसे में थोड़ी सी भी चूक होने पर कर्मचारियों को समस्या का सामना करना पड़ सकता है। खरीदे गए धान का स्टेक लगाने अभी हमालों की भी व्यवस्था नहीं हो पाई है।

### पंजीयन भी अधूरा

धान खरीदी प्रारंभ होने में मात्र एक दिन शेष हैं लेकिन अभी तक न तो सभी किसानों का पंजीयन हो सका है न ही कैरी फारवर्ड का ही कार्य पूरा हो सका है। पिछले साल पंजीकृत 62702 किसानों में से 53362 का पंजीयन कैरी फारवर्ड किया गया है। एकीकृत पोर्टल पर 55437 किसान पंजीकृत किए गए जिनका रकबा 63636.90 हेक्टेयर है। राजस्व ग्राम के 53518 पट्टाधारकों को 85161.91 हेक्टेयर 11546 वन अधिकार धारक किसानों के 834.37 हेक्टेयर रकबा जबकि वनग्राम के 167 किसानों के 101.26 हेक्टेयर एवं असर्वेक्षित ग्राम के 34 किसानों के 34 किसानों के 32.33 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन किया गया है।

### समिति प्रबंधकों के हड़ताल से निपटने शासन स्तर पर धान खरीदी हेतु नई व्यवस्था, बनाए गए नवीन समिति प्रभारी

**बिश्रामपुर।** चार सूत्रीय मांगों को लेकर समिति प्रबंधक गत 3 नवंबर से हड़ताल पर हैं,इधर 15 नवंबर से धान खरीदी का कार्य शुरू होना है,धान खरीदी व्यवस्था निर्धारित समय पर शुरू करने शासन स्तर पर नई व्यवस्था दी गई है,बुधवार 12 नवंबर को कलेक्टर सूरजपुर ने छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के पत्र और वीडियो कान्फ्रेंसिंग से प्राप्त निर्देशों के बाद खरीफ विपणन वर्ष 2025,26 में समिति स्तर पर प्रभारी समिति प्रबंधक/धान खरीदी प्रभारी के रूप में अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है,ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी,सहकारी निरीक्षक,खाद्य निरीक्षक,समिति प्रबंधक नवीन संवर्ग पद के अधिकारियों की नियुक्ति धान खरीदी प्रभारी के रूप में की गई है,जिले में कुल 54 समितियों में कलेक्टर ने अधिकारियों की नियुक्ति कर इसकी सूची जारी कर दी है,जिसमें केशवनगर धान खरीदी केंद्र में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नीलकमल मिश्रा,कंदरई में प्रभा तिर्की,रामनगर में सहकारी निरीक्षक महेंद्र राजवाड़े,मानी में कौशलेंद्र सिंह,जयनगर में हेमंत सिंह ओरकरा, सिलफिली में कुमार संभव यादव, लटोरी में मंजुला रानी तिग्गा,कल्याणपुर में देवांशू जायसवाल, कसलगीरी रविन्द्र कुमार व्यास समिति में प्रभारी अधिकारी के रूप में धान खरीदी की व्यवस्था देखेंगे,गौरतलब है कि राज्य सरकार ने हर किसान से 21 क्विंटल धान 31 रुपये किलो के भाव से खरीदने का निर्णय लिया है,धान खरीदी का कार्य दो दिन बाद पंद्रह नवंबर से 31 जनवरी तक चलेगा,शासन स्तर पर धान खरीदी को लेकर इस बार कड़ी निगरानी रखी गई है,गिरदावरी से लेकर बाहर के धान समितियों तक नहीं पहुंच पाए, इसके लिए कड़ी निगरानी की जा रही है।

### खरीदी में नहीं होगी समस्या

सहकारी समितियों में 15 नवम्बर से धान की खरीदी की जाएगी। सभी कर्मचारियों को पोर्टल पर खरीदी के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। धान खरीदी में कोई समस्या नहीं होगी

-सुनीता अग्रवाल, डीआरसीएस, सरगुजा

# नाबालिग सड़क पर दौड़ा रहे ट्रैक्टर, लोगों के लिए खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- पुलिस ने नाबालिग को ट्रैक्टर चलाते पकड़ा
- मालिक पर न्यायालय ने लगाया 30 हजार का जुर्माना

सड़क दुर्घटना में कमी आए इसके लिए पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रम दौरान लोगो को जागरूक करने यातायात नियम का पालन करने सहित नाबालिग को वाहन नहीं चलाने की हिदायत दी जाती है। हैरानी की बात तो यह है कि पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के बावजूद कुछ लोग ऐसे है जो नाबालिग को ही वाहन का स्टेरिंग थमा देते है। गत दिन पुलिस ने एक नाबालिग ट्रेक्टर चालक को पकड़ा। साथ ही न्यायालय ने वाहन मालिक पर नाबालिग से ट्रैक्टर चलवाने पर 30 हजार का जुर्माना लगाया।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने, सुरक्षात्मक उपाए सुनिश्चित कराने एवं यातायात नियमों के प्रति लापरवाही पर सख्ती से कार्रवाइ करने के निर्देश दिए है। गत दिन पुलिस ने एक 17 वर्षीय किशोर को बिना ड्राइविंग लाइसेंस और बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर चलाते पाया। पूछताछ पर किशोर ने बताया कि ट्रेक्टर ग्राम सोहरपुर निवासी प्रदीप जायसवाल का है। मामले में यातायात पुलिस द्वारा एमव्ही एक्ट की धारा के तहत इस्तगासा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जिस पर न्यायालय द्वारा वाहन स्वामी प्रदीप जायसवाल के विरूद्ध 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो ने बताया कि सड़क हादसों को रोकने के लिए जिले की पुलिस द्वारा लगातार यातायात जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दे रही है। नियमों के उल्लघंन पर सख्ती भी बरती जा रही है। नाबालिक से ट्रेक्टर या अन्य वाहन चलवाने का यह व्यवहार समाज में एक हानिकारक संदेश देता है। उन्होंने नागरिकों से कहा कि कि यातायात नियमों का पालन करें, वैध ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बाद ही वाहन चलाए, किसी भी परिस्थिति में नाबालिग से वाहन न चलवाए अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।




### कम मजदूरी में मिल जाते है चालक

विभिन्न निर्माण कार्य तथा खेती किसानी के दौरान ट्रैक्टर चालक की कमी होती है। ऐसे में ट्रैक्टर चालक की कमी हो जाती है और जो होते है वह भी एक दिन का मजदूरी ज्यादा लेते है। चालकों की मजदूरी ज्यादा होने पर वाहन मालिक कई ऐसे नौसिखिया नाबालिक चालको को ही कम मजदूरी देने के साथ वाहन थमा देते है। नाबालिग के वाहन चलाने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। नगर में कई ऐसी घटनाएं हो चुकी है जहां नाबालिग वाहन चलाते समय दुर्घटना ग्रस्त हो चुके है।

### खुद को कर देते है चालक घोषित

ईट भट्टा सहित ट्रैक्टरों में काम करने वाले मजदूर थोड़ा बहुत चलाने पर खुद को ही चालक घोषित कर दिया। ऐसे में वाहन मालिक भी मजदूरी दर पर मजदूरों से वाहन चलवाना शुरू कर देते है। जबकि अधिकांश ट्रैक्टर चालकों के पास ट्रैक्टर चलाने का लाइसेंस तक नहीं होता है।



# राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर सुरक्षा इंतजामों की कमी, आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

रामानुजगंज से बलरामपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर राहगीरों के लिए सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने से अब राहगीरों के लिए खतरनाक साबित होने लगा। आलम यह है कि सड़क किनारे किए गए गड्ढे से अब बाइक सवार दुर्घटना का शिकार होने लगे है। आज दोपहर में भी एक और बाइक सवार गड्ढे में चले जाने से घायल हो गया। हालांकि मार्ग से गुजर रहे लोगों ने उसे अस्पताल दाखिल कराया। इस प्रकार की घटनाएं आए दिन होने लगी है जिससे लोगों में आक्रोश है।

रामानुजगंज से बलरामपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के निर्माण कार्य में लापरवाही सामने आई है। करीब 90 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे इस निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा सड़क पट्टी को काटकर लगभग 3 फीट गहरा गड्ढा बना दिया गया है, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। सुरक्षा अव्यवस्था के कारण दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार हर पल किसी न किसी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। आज दोपहर करीब 1.30 बजे ग्राम जामवंतपुर निवासी अमरेश कुजूर बाइक से राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर जा रहे थे, तभी वे सड़क किनारे बने गड्ढे में गिर गए। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे तत्काल जामवंतपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि आज ही एक ट्रक भी इसी मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी और प्रशासन से मार्ग पर सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग की है जिससे इस तरह की दुर्घटनाएं न हो सके। अगर सड़क किनारे सुरक्षा के इंतजाम नहीं होंगे तो इस तरह की घटनाएं लगातार होती रहेंगी।

### आर्थिक स्थिति से जूझ रही वृद्धा तीन साल से पेंशन से है वंचित

**करवां।** एसईसीएल के सेवानिवृत्त कोल कर्मी स्व. दूधनाथ सिंह के निधन को तीन वर्ष बीत गए, फिर भी उसकी विधवा पत्नी पेंशन से वंचित है। बिश्रामपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत करमपुर में पुरानी दीवारों और टूटी छतों के बीच एक ऐसा घर है जो अब सिर्फ खामोशी, दर्द और उम्मीद का प्रतीक बन चुका है। इस घर में रहती हैं प्यारो बाई जो अब न तो चल सकती है और न बोल पाती है। अब तो वह मुस्कुराना भी भूल चुकी हैं। ज्ञात हो कि स्व. दूधनाथ सिंह, एसईसीएल के ओल्ड कुम्दा कॉलरी में कार्यरत थे। कोयले की कालिख और खदान की अंधेरी सुरंगों में उन्होंने अपने परिवार की जिंदगी रोशन की। वर्ष 2014 में सेवानिवृत्त हुए, और कुछ वर्षों तक उन्हें नियमित पेंशन मिलती रही। 13 जनवरी 2022 को बीमारी ने निधन हो गया। पत्नी प्यारो बाई को विधवा पेंशन मिलनी थी। आवेदन भी किया गया, दस्तावेज भी जमा हुए, लेकिन आज तीन साल बाद भी वह पेंशन प्रक्रिया में है। विभागीय लापरवाही की एक दुखद मिशाल बनकर रह गई है। प्यारो बाई आज वृद्धावस्था और लकवे की बीमारी से पूरी तरह ग्रस्त हैं। फिर भी उनकी आंखों में हर रोज एक उम्मीद चमकती है कि शायद आज पेंशन का पैसा मिल जाए। उनकी फाइल कई बार अधिकारियों की मेज पर पहुंची, लेकिन हर बार या तो किसी दस्तावेज की कमी बताई गई या अगले महीने की तारीख दी गई। ऐसे में प्यारो बाई बेटे तपेश्वर सिंह पर निर्भर है।



# जांवतपुर एवं विशुनपुर की टीम ने दर्ज की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- काका लरंगसाय स्मृति क्षेत्रीय फुटबाल स्पर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं रजत जयंती के उपलक्ष्य में स्व.राधेश्याम जायसवाल एवं काका लरंगसाय स्मृति क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन बड़े ही उत्साह एवं खेल भावना के साथ किया जा रहा है। टूर्नामेंट का यह वर्ष 2025 का आयोजन अपने अंतिम चरण की ओर अग्रसर है।

गुरुवार को खेले गए दो मुकाबलों में रोचक मैच देखने को मिला। पहला मैच जूनियर फुटबॉल क्लब रामानुजगंज और जामवंतपुर के बीच खेला गया, जिसमें जामवंतपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3–0 से विजयी रही। दूसरा मैच पुरुषोत्तमपुर और बिशनपुर के बीच खेला गया, जिसमें बिशनपुर की टीम ने प्रतिद्वंद्वी टीम को 3–0 से पराजित करते हुए जीत हासिल की। निर्णायक मंडल में शेखर प्रधान, मोहम्मद इस्लाम, सत्येंद्र कुमार, शिव कुमार, बाबूलाल लहरे, सुभाष केसरी एवं स्पोर्ट्स क्लब के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी सक्रिय रहे। टूर्नामेंट को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ मैदान में उमड़ रही है। खेल प्रेमियों के उत्साह के बीच यह टूर्नामेंट अब अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है, जिसका फाइनल मुकाबला 17 नवंबर को खेला जाएगा। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल, राजेश सोनी, अशोक जायसवाल, विकास दुबे, विनोद जायसवाल, विजय रावत, अनूप कश्यप, कयूम खान ,कमेटी के अमित जायसवाल, आकाश गुप्ता, विकास गुप्ता, वीरेंद्र सिंह एवं अजय गुप्ता उपस्थित रहे।




### ट्रैक्टर के पीछे हल से टकराई बाइक, ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** ट्रैक्टर चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन को मोड़ दिया जिससे पीछे से आ रहे बाइक सवार ट्रैक्टर के हल से टकरा गया। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजगंज थाना अंतर्गत महावीरगंज क्षेत्र के ग्राम चौराडांड निवासी शिव कुमार नागवंशी बाइक से गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने जा रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए वाहन को अचानक मोड़ दिया जिससे बाइक सवार ट्रैक्टर के पीछे लगे हल से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को रामानुजगंज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

# जिला पंचायत सीईओ ने ली अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक, दिए दिशा निर्देश

**शंकरगढ़।** जनपद पंचायत शंकरगढ़ के सभागार में आज जिपं सीईओ नयनतारा सिंह तोमर द्वारा आकांक्षी विकासखण्ड शंकरगढ़ में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में विकासखण्ड के सभी विभाग प्रमुखों ने अपने-अपने विभागों की स्थिति प्रस्तुत की। सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने विशेष रूप से मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, एनआरएलएम, कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों की गुणवत्ता और गति में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आकांक्षी विकासखण्ड शंकरगढ़ में योजनाओं का प्रभाव जमीनी स्तर तक दिखाई देना चाहिए। सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति समय-सीमा में हो और जनता को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिले। सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने खरकोना के पंचायत सचिव प्राण सिंह को आवास संबंधित जानकारी सही नहीं दिए जाने के संबंध में कड़ी फटकार लगाई एवं आगे इस प्रकार की गलती होने पर कार्रवाई की बात कही। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी अनमोल टोप्पो, जनपद सीईओ वेद प्रकाश पांडे, आकांक्षी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमन जायसवाल, कृषि अधिकारी उमाकांत सिंह, पशु चिकित्सालय अधिकारी एमएस मरकाम, एबीओ विजय कंवर, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव, एनआरएलएम के क्षेत्रीय समन्वयक सहित मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए 4 छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर


राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली के निर्देशन में प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता का जोन स्तरीय आयोजन इस वर्ष शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकेंडरी स्कूल अंबिकापुर में गत दिनों संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता में सूरजपुर जिले के चार विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए किया गया है,जिसमें शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर के कक्षा 12 वीं के छात्र अविनाश सिंह और नवल साय ने क्रमशः स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा सतत कृषि विषय पर,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करवां के कक्षा 12 वीं के गीता सिंह ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा सेजेस जयनगर से कक्षा 8 वीं के छात्र मोहम्मद आसिफ अंसारी ने उभरती प्रौद्योगिकियां विषय पर मॉडल के माध्यम से प्रस्तुति देंगे,राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जशपुर जिले में 12 से 15 नवंबर तक किया जाएगा,इस वर्ष का केंद्रीय विषय विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत है,जिसके अंतर्गत सात उपविषय सतत कृषि,अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकियां, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा जल संरक्षण एवं प्रबंधन शामिल हैं, कार्यक्रम का उद्देश्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यार्थियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए विचारों की खोज,नवाचार एवं रचनात्मक सोच के लिए प्रेरित करना है।

इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, डीएमसी मनोज कुमार साहू,सहायक संचालक रविंद्र सिंह देव,प्राचार्य पीसी सोनी रामानुजनगर, मीरा सिंह करवां, वीरेंद्र जायसवाल सेजेस जयनगर एवं गाइड टीचर्स गोपाल सिंह,डॉ निशा सिंह, फिजा सदफ तथा यशोदा पैकरा ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी है।




चयनित विद्यार्थी।



# दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' से चर्चा में हैं। अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म से जुड़ा नया पोस्टर साझा किया है। इसमें वो महिमा चौधरी के साथ रोमांटिक अंदाज में दिख रहे हैं। दोनों कलाकार एक-दूसरे की तरफ पीठ करके बैठे हुए हैं और दोनों किताबें पढ़ने में लगे हुए हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, 'हो ले जाएंगे ले जाएंगे, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे। अरे रह जाएंगे रह जाएंगे, पैसेवाले देखते रह जाएंगे।' इस पोस्ट के सामने आते ही सोशल मीडिया पर नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं।

## लाइफ Style

# प्रियंका

## साड़ी पहन हाथ में बंदूक लिए छा गईं देसी गर्ल

एसएस राजामौली की फिल्म 'ग्लोब ट्रोटर' से प्रियंका चोपड़ा का फर्स्ट लुक रिवील कर दिया गया है। इस फिल्म में पीसी मंदाकिनी के रोल में नजर आएंगी। पीले रंग की साड़ी में बुलेट से घिरी हुई प्रियंका हाथ में बंदूक थामे हुए हैं। वो फैंस के बीच छा गई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रियंका चोपड़ा जल्द ही बॉलीवुड में कमबैक करने वाली हैं। वो एसएस राजामौली की फिल्म में मंदाकिनी के रोल में नजर आएंगी। इस फिल्म से उनका फर्स्ट लुक बुधवार को रिवील कर दिया गया है। पीले रंग की साड़ी में और हाथ में बंदूक लिए वो छा गई हैं। प्रियंका चोपड़ा ने राजामौली की फिल्म से अपना फर्स्ट लुक शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'वो दिखने से कहीं बढ़कर हैं... मंदाकिनी को हैलो कहें... 'ग्लोब ट्रोटर'। प्रियंका के पोस्ट पर उनके पति निक जोनस ने भी कॉमेंट किया है। उन्होंने कॉमेंट सेक्शन में लिखा- अविश्वसनीय! आर माधवन ने लिखा- वाह वाह वाह वाह एंडी शानदार... क्या लुक और क्या इम्पैक्ट है। आप दिन-ब-दिन अविश्वसनीय होते जा रहे हैं। असीस कौर ने लिखा- देसी गर्ल मंदाकिनी। जाकिर खान ने लिखा- क्वीन। जोया अख्तर से लेकर भूमि पेडनेकर, जेमी लीवर, रणवीर सिंह ने भी प्यार लुटाया है। प्रियंका से पहले मेकर्स ने पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक जारी किया था। वो इस फिल्म में कुंभा के रोल में नजर आएंगे। उनके लुक से जाहिर होता है कि वो शरीर से तो दिव्यांग हैं, लेकिन उनका दिमाग तेज है। वो एक ऐसी चेयर पर हैं, जिसके चार हाथ भी हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# हैरी पॉटर टीवी सीरीज की शूटिंग जारी

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ एक नई 'हैरी पॉटर' टीवी सीरीज ला रहा है। इसका निर्माण शुरू हो गया है। साल 2027 में सीरीज के रिलीज होने की उम्मीद है। इसमें मुख्य कलाकारों के लिए नए कलाकारों को चुना गया है। हाल ही में सीरीज के कलाकारों की सेट से तस्वीरें सामने आई हैं। 'हैरी पॉटर' टीवी सीरीज के कलाकारों की तस्वीरें इंग्लैंड के एश्रिज एस्टेट से सामने आई हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि कई कलाकार सेट के आस-पास घूमते नजर आए। यहां डोमिनिक मैकलॉघलिन को भी देखा गया जो सीरीज में हैरी पॉटर का किरदार निभा रहे हैं।



# बड़े-बड़े कलाकारों के साथ किया था काम

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी मशहूर कॉमेडियन जिमी किमेल शो के बैंड लीडर क्लेटो एस्कोबेडो III का 59 वर्ष की आयु में निधन हो गया। कॉमेडियन ने अपने दोस्त को याद करते हुए भावुक नोट लिखा है। क्लेटो एक्सकोबेडो सैक्सोफोन वादक थे। वो जिमी किमेल ने के शो में बैड लीडर के रूप में मौजूद थे। क्लेटो लास वेगास में पले-बढ़े और क्लेटो की मुलाकात जिमी किमेल से बचपन में हुई थी, और दोनों एक-दूसरे के घर के सामने रहने वाले थे, जिस कारण से दोनों करीबी दोस्त बन गए। इतना ही नहीं, दिवंगत क्लेटो ने बड़े-बड़े कलाकारों के साथ काम किया था। जिमी किमेल के लंबे समय के दोस्त और उनके शो के बैंड लीडर क्लेटो एस्कोबेडो III का 59 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। कॉमेडियन ने एक भावुक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने दोस्त के निधन की खबर की पुष्टि की।



# दे दे प्यार... की रिलीज से पहले लिया आशीर्वाद


**मुंबई।** रकुल प्रीत सिंह अपनी नई फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' की रिलीज से पहले गुरुवार को मुंबई के दादर में सिद्धिविनायक मंदिर में भगवान गणपति का आशीर्वाद लिया। इस दौरान रकुल का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। रकुल ने सिद्धिविनायक मंदिर में बप्पा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान रकुल पीले रंग के सूट में बेहद प्यारी दिखीं। मंदिर से बाहर निकलकर उन्होंने पैपराजी से बात की और उन्हें प्रसाद दिया और दाहिने हाथ से प्रसाद लेने को कहा। रकुल का यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। 'दे दे प्यार दे 2' में रकुल के अलावा अजय देवगन और आर. माधवन अहम भूमिका में हैं। रकुल इस फिल्म में अजय देवगन के किरदार की प्रेमिका आयशा खुराना की भूमिका निभा रही हैं।



# बदतमीज दिल गाने पर जमकर थिरके...

**मुंबई।** इंटरनेट पर वायरल हो रहे वीडियो में बॉलीवुड के खूबसूरत कपल रणबीर कपूर और आलिया भट्ट किसी कार्यक्रम में पहंचे हैं। इस इवेंट के दौरान दोनों एक्टर्स स्टेज पर फिल्म 'ये जवानी है दिवानी' के गाने 'बदतमीज दिल' पर जमकर झूमते नजर आ रहे हैं। वीडियो में एक्ट्रेस सफेद रंग की ड्रेस पहने दिख रही हैं, तो अभिनेता काले रंग के कोट-पैंट में नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कुछ और वीडियो उसी इवेंट से सामने आ रहे हैं। रणबीर और आलिया एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। दोनों संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म 'लव एंड वॉर' में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म क्लासिक फिल्म 'संगम' से प्रेरित बताई जा रही है। इसमें विक्की कौशल भी अहम भूमिका में होंगे और फिल्म 2026 में रिलीज होने की संभावना है।

## टीवी मसाला



# टीआरपी लिस्ट जारी, अनुपमा और तुलसी के बीच कड़ा मुकाबला

**नई दिल्ली।** 44वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली के सीरियल 'अनुपमा' ने अपना दबदबा कायम रखा है। इस हफ्ते भी सीरियल टॉप पर रहा। 'अनुपमा' सीरियल को 2.1 की टीआरपी मिली है। वहीं, सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' दूसरे नंबर पर है। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 44वें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली है। तीसरे स्थान पर 'उड़ने की आशा' और चौथे नंबर पर 'तुम से तुम तक' सीरियल है। दोनों सीरियल को 1.8 की टीआरपी मिली है। कॉमेडी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पांचवे नंबर पर है। इस बार इस सीरियल को 1.7 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल लगभग 17 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। सलमान खान शो 'बिग बॉस 19' को होस्ट करते हैं। सलमान के स्वैग के बावजूद यह शो इस बार दर्शकों को पसंद नहीं आ रहा है। इस बार शो में सिंगर अमाल मलिक, इंफ्लुएंसर तान्या मित्तल, टीवी एक्टर गौरव खन्ना जैसे लोग बतौर प्रतियोगी शामिल हैं। शो में खूब ड्रामा होता है लेकिन इसके बावजूद 44वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसको 1.4 की टीआरपी मिली है।

## सोढ़ी ने धर्मेंद्र के लिए मांगी दुआ

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में नजर आ चुके गुरुचरण सिंह का एक नया वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वो धर्मेंद्र के बारे में बातें करते दिख रहे हैं। इस वीडियो में उन्होंने धर्मेंद्र के लिए प्रार्थना करते हुए काफी कुछ कहा है। गुरुचरण सिंह से धर्मेंद्र को लेकर सवाल किया गया जिसपर वो कहते दिख रहे हैं, 'मैंने तो आज पढ़ा कि वो हॉस्पिटल से आ गए वापस।' इसपर सवाल पूछने वाले कहते दिख रहे हैं- हां, वो घर आ गए। इसके बार गुरुचरण सिंह कह रहे हैं- यार, ऐसे टेंशन में मत डालो। मैंने पढ़ा कि हॉस्पिटल से आ गए हैं घर। हम उनके लिए प्रार्थना कर रहे हैं.. वो हमेशा मेरे आइडियल हैं। वो बहुत बढ़िया रहें, फर्स्ट क्लास रहें।' उन्होंने आगे कहा, 'उनको देख-देख कर हम बड़े हुए हैं। उनसे सीख-सीख के हमें लगा कि हमें भी इंडस्ट्री में आना चाहिए। धर्मेंद्र पाजी जल्दी-जल्दी अच्छे हो जाएं और हम फिर से उनसे मिलें।' इस वीडियो पर लोगों ने कुछ कॉमेंट भी किए हैं। एक ने कहा- आप शो में वापस क्यों नहीं आ जाते? वहीं किसी ने पूछा- ये वापस आ गए? बता दें कि हाल ही में गुरुचरण सिंह ने फैन्स को खुशखबरी दी थी।



# धर्मेंद्र का हाल देख अमिताभ टूटे लिखा दिल कचोटने वाला पोस्ट

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन 12 नवंबर को धर्मेंद्र के अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद उन्हें देखने उनके घर पहुंचे थे। धर्मेंद्र का हाल देख अमिताभ और टूट गए और अब सोशल मीडिया पर दिल कचोटने वाला पोस्ट लिखा है। दोस्त धर्मेंद्र की नासाज तबीयत ने अमिताभ बच्चन की भी रातों की नींद उड़ा दी है। दोस्त को देखने और हालचाल लेने के बाद अमिताभ ने एक पोस्ट किया है, जिसमें उनका दुख साफ झलक रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे हर दिन के दुख को झेलने और सर्वाइव करने के लिए हिम्मत चाहिए। अमिताभ ने लिखा, 'सुलह करो, और जो है उससे सुलह करें। जब सुलह से कुछ पैदा न हो...हर दिन एक मुश्किल पल... और उससे निपटने और जीवित रहने के लिए जरूरी ताकत चाहिए।' बाबूजी हरिवंशराय बच्चन की कुछ लाइनें लिखीं। ये थीं- वो किसे दोषी ठहराएं, और किसको दुख सुनाएं, जबकि मिट्टी साथ मिट्टी के करे अन्याय।' धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन की दोस्ती की बात करें, तो इसकी शुरुआत साल 1975 से हुई थी। तब धर्मेंद्र पहले से ही सुपरस्टार थे, और अमिताभ 'एंग्री यंग मैन' बनकर उभरे थे। उस साल अमिताभ और धर्मेंद्र 'शोले' और 'चुपके चुपके' में नजर आए थे। दोनों फिल्में सुपरहिट रही थीं और अमिताभ-धर्मेंद्र की जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। इसके बाद उन्होंने साथ में कई और फिल्में की थीं।



# लॉस एंजिल्स में हुई होमबाउंड की स्क्रीनिंग साथ नजर आए ईशान और विशाल

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने अपनी फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर एक खास जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। फिल्म 'होमबाउंड' की स्क्रीनिंग लॉस एंजिल्स में हुई, जिसकी तस्वीरें करण ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर खुशी जाहिर की है। करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर पोस्ट शेयर किया है। करण ने दो तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें 'होमबाउंड' के स्टार विशाल जेठवा और ईशान खट्टर के अलावा कई लोग नजर आ रहे हैं। 'होमबाउंड' दो दोस्तों की कहानी है, जो पुलिस अधिकारी बनने के लिए संघर्ष करते हैं, लेकिन उन्हें सामाजिक असमानता और भेदभाव का सामना करना पड़ता है। इस फिल्म में विशाल जेठवा और ईशान खट्टर और जान्हवी कपूर ने अहम भूमिका निभाई है। 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में भारत की आधिकारिक एंट्री के रूप में चुना गया है। ईशान खट्टर और विशाल जेठवा की फिल्म 'होमबाउंड' न्यूयॉर्क टाइम्स के एक निबंध से प्रेरित है।




## सिनेप्रेमियों के लिए बहुत ही शानदार साबित होने वाला है बाल दिवस

# सिनेमाघरों में आज रिलीज होंगी ये शानदार फिल्में

*मुंबई। 14 नवंबर का दिन सिनेप्रेमियों के लिए बहुत ही शानदार साबित होने वाला है। इस दिन थिएटर्स में कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जो दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। इस कड़ी में दे दे प्यारे दे 2, कांथा से लेकर द रनिंग मैन जैसी फिल्में शामिल हैं।*

### दे दे प्यार द 2

अजय देवगन और रकुलप्रीत सिंह की फिल्म दे दे प्यार दे 2 सिनेमाघरों में 14 नवंबर को रिलीज होगी। यह फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई दे दे प्यार दे की सीक्वल है। इस बार फिल्म में अजय देवगन के साथ आर माधवन, गौतमी कपूर और मीजान जाफरी जैसे नए चेहरे नजर आएंगे।

### कांथा

साउथ अभिनेता दुलकर सलमान की फिल्म कांथा की कल यानी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में 1950 का दशक दिखाया गया। जुनूनी फिल्ममेकर अय्या अपने बेटे (दुलकर सलमान) को बचपन से हीरो बनाने की तैयारी करता है। लेकिन, आगे चलकर इस वजह से पिता और बेटे के रिश्ते में दूरी आती है, टकराव बढ़ता है। इस फिल्म में दुलकर सलमान के अलावा समुथिरकानी मुख्य भूमिका में हैं।





**काल त्रिघोरी** : नितिन वैद्य द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 'काल त्रिघोरी' भी 14 नवंबर को रिलीज होगी। इस हॉरर फिल्म में अरबाज खान मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म भूत-प्रेत और जादू-टोने जैसी चीजों को दिखाती है। फिल्म में राजेश शर्मा, मुग्धा गोडसे और अन्य कलाकार भी होंगे।

### दाउद

तमिल फिल्म 'दाउद' भी 14 सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म में दथो राधारवी, लिंगा, साई धीना, अभिषेक, जयकुमार और शरा अहम रोल में हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि यह फिल्म कैसा प्रदर्शन करती है।

### लव ओटीपी

अभिनेता से निर्देशक बने अनीश तेजेश्वर अपनी दूसरी फिल्म 'लव ओटीपी' के साथ निर्देशन में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह फिल्म शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस फिल्म में अनीश तेजेश्वर, जाह्नविका कलाकेरी और राजीव कनकला भी मौजूद हैं। यह फिल्म तेलुगु और कन्नड़ भाषा में रिलीज होगी।

### द रनिंग मैन

एडगर राइट के निर्देशन में बनी हॉलीवुड एक्शन थ्रिलर फिल्म 'द रनिंग मैन' भी 14 नवंबर को सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में ग्लेन पॉवेल मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं।

## खबर संक्षेप

### कागज के कप का बहिष्कार कर स्वास्थ्य और पर्यावरण को बचाएं

**जशपुरनगर।** संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सरगुजा संभाग अम्बिकापुर द्वारा सभी आम नागरिकों को कागज के कपों का बहिष्कार कर स्वास्थ्य और पर्यावरण को बचाने की अपील की गई है। सभी आमजनों को सूचित किया गया है कि हाल के अध्ययनों से पता चला है कि, जिस कागज के कप में गर्म चाय या कॉफी पीते हैं, वह स्वास्थ्य के लिए एक चिकनाई युक्त जहर है। इन कपों की प्लास्टिक परत गर्म होने पर पिघलकर हानिकारक रसायन छोड़ती है, जो भविष्य में कैंसर और हार्मान संबंधी बिमारियों का कारण बन सकता है। संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सरगुजा संभाग अम्बिकापुर डॉ.अनिल कुमार शुक्ला ने अपील करते हुए कहा है कि अपनी सुरक्षा के लिए हमेशा कांच, चीनी मिट्टी या स्टील का दोबारा इस्तेमाल होने वाला कप साथ रखें। उन्होंने विक्रेताओं से आग्रह किए हैं कि प्लास्टिक-लाईन वाले कपों के बजाय पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों का उपयोग करें। स्वास्थ्य की रक्षा के लिए इस छोटी से आदत में बदलाव करें। यह बदलाव लोगों लिए फायदेमंद है और हमारे पर्यावरण के लिए भी। लोगों की स्वास्थ्य प्राथमिकता होती है।

### राउरकेला बीपीयूटी में 12वां दीक्षांत समारोह

**राउरकेला।** बीजू पटनायक प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह आज आयोजित हुआ। इस साल 30 हजार 894 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। इनमें से 38 छात्रों को पीएचडीए 17 को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक और 3 को विशेष पदक प्रदान किया गया। समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल डॉ. हरी बाबू कम्भमपाटी ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एनएएसी, बेंगलुरु के पूर्व निदेशक प्रोफेसर एससी शर्मा उपस्थित रहे। कुलाधिपति के राउरकेला हवाई अड्डे पर आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर सुंदरगढ़ जिलाधीश डॉ. शुभंकर महापात्र, पश्चिम रेंज डीआईजी बृजेश कुमार राय, राउरकेला एसपी नितेश धवानी तथा आरएसपी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस वर्ष 17,159 इंजीनियरिंग, 119 आर्किटेक्चर, 2,873 फार्मेसी, 6,269 मैनेजमेंट और 4,474 कंप्यूटर एप्लिकेशन व साइंसेस के छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह में पीएचडी और स्वर्ण पदक प्राप्त छात्रों को प्रमाणपत्र और मेडल प्रदान किए गए, जबकि अन्य छात्रों के प्रमाणपत्र उनके संबंधित कॉलेजों के प्राचार्यों के माध्यम से भेजे गए।

### सरसींवा पुलिस ने 50 से अधिक मोबाइल लौटाए

**सरसीवा।** सरसींवा पुलिस ने गुम 150 में से 50 मोबाइल ढूंढ निकाला है। इसके बाद संबंधितों को लौटा दिया है। 22 अक्टूबर को एक ग्रामीण अपना मोबाइल गुम होने की शिकायत सरसींवा थाने में की थी। शिकायत के बाद टीआई ने साइबर टीम को जांच में लगाया। तकनीकी साधनों का उपयोग करते हुए टीम ने मोबाइल लोकेशन का पता लगाया और 8 दिनों के भीतर गुम मोबाइल को ढूंढकर उसके वास्तविक मालिक को सुपुर्द कर दिया। जानकारी अनुसार सरसींवा थाने में जनवरी से अब तक करीब 150 मोबाइल गुम होने की शिकायतें मिली हैं। जिनमें से 50 से अधिक मोबाइल रिकवर कर उनके असली मालिकों को सौंपे जा चुके हैं।

## जशपुर पुलिस ने शुरू किया बाल सुरक्षा सप्ताह

# बच्चों को साइबर सुरक्षा व कानूनी अधिकारों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जशपुर पुलिस द्वारा सिटी कोतवाली परिसर में 'बाल सुरक्षा सप्ताह 2025' की शुरुआत की गई। बच्चों में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने और उन्हें कानूनी अधिकारों की जानकारी देने के उद्देश्य से शुरू किया गया यह विशेष सप्ताह 20 नवंबर तक चलेगा।

कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला, जहाँ बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे एवं शिक्षकों ने सहभागिता की। उद्घाटन कार्यक्रम में जशपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, डीएसपी राकेश पात्रेय सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।



### कानूनी अधिकारों की दी जागरूकता

कार्यक्रम में बच्चों को जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, पॉक्सो एक्ट, बाल अधिकार संरक्षण कानून, गुड टच-बैड टच जैसी महत्वपूर्ण बातों से भी अवगत कराया गया। अधिकारीयों ने बताया कि बच्चे किसी भी प्रकार की समस्या, हिंसा या शोषण की स्थिति में निडर होकर 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन या पुलिस को जानकारी दें।




### विशेष गतिविधियां पूरे सप्ताह जारी रहेंगी

बाल सुरक्षा सप्ताह 2025' के तहत पूरे जिले के स्कूली बच्चों को क्रमवार जशपुर थाना लाया जाएगा, जहां वे पुलिस की कार्यप्रणाली—एफआईआर पंजीयन, नियंत्रण कक्ष, साइबर सेल, महिला डेस्क, यातायात शाखा सहित विभिन्न प्रक्रियाओं को नज़दीक से समझ सकेंगे। इसका उद्देश्य बच्चों में पुलिस के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और उन्हें सुरक्षा तंत्र की बारीकियों से परिचित कराना है।

### एसएसपी ने बच्चों को दिलाया सुरक्षा का भरोसा

इस अवसर पर एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बच्चों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करने, अनजान लोगों से दूरी रखने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में जागरूकता बढ़ती है और समाज में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम का संचालन पुलिस विभाग की ओर से बाल संरक्षण टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के शिक्षक, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में बच्चे शामिल रहे।

### साइबर सुरक्षा पर विस्तृत मार्गदर्शन

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ टीम द्वारा बच्चों को साइबर अपराधों से बचने के तरीके, सोशल मीडिया उपयोग में सावधानियां, ओटीपी व पासवर्ड की सुरक्षा, ऑनलाइन गेमिंग के खतरे तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर होने वाले फ्रॉड की पहचान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल और रोचक तरीके से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बच्चों को बताया कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धमकी, चैट, संदिग्ध मैसेज या वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में बच्चों को तुरंत अपने अभिभावक, शिक्षक या नजदीकी पुलिस थाने को सूचित करना चाहिए।

# कन्या विद्यालय में मना बाल दिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बाल दिवस पर महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन की टीम ने शामिल होकर बच्चों के साथ बाल विवाह के रोकथाम के लिए कार्यक्रम करवाया और साथ ही अनेकों प्रकार के खेल जैसे चेयर गेम, गुब्बारा फुलाने का गेम, 50 मीटर दौड़ और भी अनेकों प्रकार के खेलों के साथ बालिकाओं को उत्साहित किया।



सभी स्कूल टीचरों के साथ मिलकर बाल विवाह रोकने के की शपथ दिलाई गई साथ ही नारा लगाया गया की ना बाल विवाह करेंगे, और ना ही अपने आसपास के क्षेत्र में होने देंगे।

सभी खेलों के प्रथम पुरस्कार एवं द्वितीय पुरस्कार विजेताओं को एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन (समर्पित ) की ओर से पुरस्कार दिया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन जशपुर टीम की जिला समन्वयक अंजली ताम्रकार, बबिता ताम्रकार, रानी नायक व अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




# आत्मानंद स्कूल तमता में धूमधाम से मना बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पत्थलगांव विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत तमता स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में बाल दिवस हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर सुबह से ही बच्चों की खिलखिलाहट और उत्सवमय माहौल बना हुआ था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में कराया गया।

सर्व प्रथम बाल दिवस के उपलक्ष्य में छात्र छात्राओं को खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें दौड़, रस्सी-कूद, कबड्डी, संगीत कुर्सी आदि में छात्रों ने अपनी प्रतिभा, फुर्ती और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दर्शकों ने बच्चों का भरपूर उत्साहवर्धन किया और प्रत्येक सहभागी बच्चे के चेहरे पर उत्साह और आत्मविश्वास झलकता रहा। जहां खेल कूद में शामिल बच्चों को ईनाम भी वितरण किया गया। जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी कराया गया और सांस्कृतिक मंच पर बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

देशभक्ति गीत, नृत्य, समूह-गान, कविताएं और नाट्य प्रस्तुति ने कार्यक्रम को बेहद आकर्षक बना दिया। बच्चों की उमंग और ऊर्जा ने वातावरण को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को विद्यालय प्रशासन द्वारा मिष्ठान एवं पौष्टिक भोजन का वितरण किया गया। बच्चों ने खुशी और आनंद के साथ इस स्नेहपूर्ण गेस्चर को स्वीकार किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जहां विजेता छात्रों के चेहरे पर खुशी और गर्व देखने योग्य था। यह क्षण विद्यालय परिवार को भी अत्यंत गौरवपूर्ण अनुभव कराता रहा।





### इनकी रही भूमिका

कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के प्राचार्य एवं संपूर्ण स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी शिक्षकों और कर्मचारियों के संयुक्त प्रयासों से बाल दिवस का आयोजन अत्यंत शानदार, अनुशासित और भव्य रहा। प्राचार्य मोहन लाल पटेल ने अपने संबोधन में बच्चों को राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य करते हुए उत्कृष्ट शिक्षा,अनुशासन और संस्कारों के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। एवं अंत में शनिवार को भगवान विरसा मुंडा जयंती के मौके पर उनके जीवन का विस्तृत वर्णन करते हुए बच्चों को उनके रहा पर चलने की प्रेरणा दी और शनिवार को स्थानीय अवकाश की जानकारी बच्चों को दी गई इस अवसर पर पी पी यादव, महेश सिंह, गीता यादव, डोलेश राज ध्रुव, मालिका दीप्ति इक्का एवं अन्य स्टॉप मौजूद थे।

# बाल दिवस पर मनोरा में लगा एफएलएन मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन जशपुर के निर्देशानुसार विकासखंड मनोरा के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में बाल दिवस के अवसर पर एफएलएन मेला का आयोजन किया गया, मेले में बच्चे अभिभावक एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उत्साह पूर्वक सम्मिलित हुए, मेले में शारीरिक शिक्षा भाषा शिक्षण गणित शिक्षा और सामाजिक भावनात्मक जैसे क्षेत्र के लिए विभिन्न गतिविधियां और स्टॉल बच्चों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का संचालन पूर्णतया बच्चों के द्वारा किया गया विकासखंड मनोरा के प्रभारी तरुण कुमार पटेल के द्वारा संकुल डूमरटोली के प्राथमिक शाला जरिया में कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।



इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक जेम्माग्रेस, रजनी बिंजूआर एवं संकुल समन्वयक सत्यदीप प्रसाद अजीत सिदार एवं विपिन विकास खरे व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के निलाभ्राघोष भी उपस्थित थे। संकुल प्राचार्य श्रीमती निर्मला तिर्की प्रधान पाठक प्रवीण कुमार पाठक संजीव यादव एवं अन्य शिक्षकों के द्वारा मेले में लगे स्टाल का अवलोकन किया गया। विकासखंड मनोरा के प्राथमिक शाला करंजटोली बुचू कछार, आमगांव खोंघा जरिया प्राथमिक शाला मनोरा कांची बहेरना लोटाकोना पटिया बुमतेल कुजरी बेलटोली जरिया सोगडा एवं विकास खंड मनोरा के सभी शालाओं में ये मेला आयोजित किए गए।



# 59 महिलाओं को 59 लाख रुपए के मुद्रा लोन की स्वीकृति

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत विकासखंड बगीचा में विगत दिवस मुद्रा एवं बैंक क्रेडिट मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर त बैंक 94 स्व सहायता समूहों का एक करोड़ 50 लाख 50 हजार एवं 59 हितग्राहियों को व्यक्तिगत रूप से 59 लाख रुपए का मुद्रा लोन की स्वीकृति प्रदान की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री नागेश थी।

विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अरविंद गुप्ता , जनपद सदस्य श्रीमती सविता नागेश, दिनेश्वरी केरकेट्टा, एलडीएम वाल्टर भेंगरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक वित्तीय समावेशन अमीन खान, जिला प्रमुख साधन अखिल प्रसन्ना सेठ, जनपद पंचायत बगीचा से अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रमेश सोरी, विकासखंड परियोजना प्रबंधक बिहान श्री रंगेश साहू




,सह. वि.वि अधिकारी श्री मिशेल खलको, क्षेत्रीय समन्वयक टिपेंदर यादव, अलमा कुजूर, सभी बैंकों से ब्रांच मैनेजर, पीआरपी, एफएलसीआरपी सहित बिहान की 360 महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम में आए अतिथियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और बैंक अधिकारियों ने समूहों को वित्तीय साक्षरता एवं बैंकिंग प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान की।

## कांसाबेल पशु चिकित्सालय की टीम का सराहनीय प्रयास

# जटिल प्रसव में बकरी पर सफल सिजेरियन कर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांसाबेल

स्थानीय पशु चिकित्सालय कांसाबेल की टीम ने एक जटिल और चुनौतीपूर्ण स्थिति में गर्भवती बकरी का सफल सिजेरियन सेक्शन कर उसकी जान बचाई। यह मामला ग्राम शब्दमुंडा के पशुपालक इन्द्रनाथ यादव की बकरी से संबंधित था, जो पिछले तीन दिनों से प्रसव पीड़ा से जूझ रही थी और सामान्य प्रसव संभव नहीं हो पा रहा था। पशु मालिक द्वारा स्थिति की जानकारी मिलते ही पशु चिकित्सालय कांसाबेल की टीम सक्रिय हुई।

पशु चिकित्सक डॉ.जेम्स मिन्ज (VAS), डॉ.रामलोचन धीरही (VAS), डॉ. सैफ अली खान (चलित पशु चिकित्सा इकाई), AVFO सोहन साय पैंकरा एवं पैरा-वेट योगेश पैंकरा ने तत्काल सिजेरियन सेक्शन करने का निर्णय लिया। लगभग 45 मिनट चली इस जटिल सर्जरी में बकरी के गर्भ से मृत मेमने को बाहर निकाला गया और बकरी (मां) की जान बचाने में टीम सफल



रही। सर्जरी के बाद बकरी को एंटीबायोटिक, फ्लूइड थेरेपी एवं दर्द निवारक दवाओं के साथ आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल प्रदान की गई। वर्तमान में बकरी की स्थिति स्थिर बताई जा रही है और वह चिकित्सकीय निगरानी में है। पशु चिकित्सकों ने पशुपालकों से अपील की है कि गर्भावस्था के अंतिम चरण में पशुओं की नियमित जांच अवश्य कराएं तथा प्रसव में देरी या किसी भी असामान्य लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करें। यह सफल सर्जरी पशु चिकित्सालय कांसाबेल की दक्षता, त्वरित कार्रवाई एवं टीम वर्क का उत्तम उदाहरण है।

## पेज 1 का शेष

### सरदार पटेल की ...

अतिथियों के रूप में सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुशीला पैंकरा, कलेक्टर रोहित व्यास, एसएसपी शशि मोहन सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, वरिष्ठ नागरिक सुनील गुप्ता, उपेन्द्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक संगठन, एनएसएस–एनसीसी, स्काउट–गाइड, विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। इस दौरान भारत माता की जय, सरदार पटेल अमर रहें और वंदे मातरम् के जोशीले उद्घोष से पूरा मार्ग देशभक्ति से गुंजायमान हो उठा।

### यूनिटी मार्च देश ...

उत्साहजनक रही। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की सोच ने भारत के प्रशासनिक ढांचे की नींव रखी, जिसे आज भी आदर्श के रूप में देखा जाता है। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने युवाओं को सामाजिक सौहार्द्र और राष्ट्रीय एकता बनाए रखने का संदेश दिया।शपथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विद्यार्थियों की विशेष प्रस्तुतियां
रैली के आरंभ में नशामुक्त भारत और समापन पर आत्मनिर्भर भारत – स्वदेशी अपनाओ की शपथ दिलाई गई। दोकड़ा विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आकर्षक वेशभूषा में नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशा से दूर रहने प्रेरक नाटक प्रस्तुत कीं। देशभक्ति गीत–नृत्य और रंगोली–पेंटिंग प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम को और भी भव्य बनाया।

### अगस्त 2024 से ...

साथ जबरन दुष्कर्म किया। डर और दबाव के कारण वह किसी को कुछ नहीं बता पा रही थी। बुधवार को पीड़िता डर से शिक्षक के घर से गायब हो गई थी। छात्रा के अचानक घर से गायब हो जाने के बाद आरोपी शिक्षक ने ही कोतवाली में जाकर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई।गुमशुदगी दर्ज होने के बाद खुला मामला9आरोपी शिक्षक के द्वारा सिटी कोतवाली में बुधवार को गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उसके रिपोर्ट दर्ज कराने के दूसरे दिन गुरुवार को छात्रा अपने परिजनों के साथ कोतवाली पंहुच गई और शिक्षक के द्वारा किए गए कृत्य का उसने खुलासा कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरु कर दी। वहीं मामला प्रकाश में आने के बाद से आरोपी शिक्षक गिरधारी यादव फरार हो गया है। आरोपी शिक्षक को पुलिस जल्द गिरफ्तार कर लेगीएसएसपी शशिमोहन सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि शिक्षक गिरधारी यादव के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है, आरोपी को पुलिस जल्द ही गिरफ्तार कर लेगी।

### एसआईआर के संबंध ...

तिथि तक पूर्ण करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रदीप कुमार साहू, अपर कलेक्टर, हरिओम द्विवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, विश्वास राव मस्के, अनुविभागीय अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी जिला मंत्री भाजपा संतोष कुमार सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस से सहस्त्रांशू पाठक, संजीव कुमार भगत, अमित महतो एवं बहुजन समाजवादी पार्टी से मशीस कुमार रोशन, जितेन्द्र राम प्रजापति तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एसएम ज्ञानोदय के ...

कर उनका सम्मान किया गया, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय परिसर में विविध खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें भजिया दौड़, खो-खो, कबड्डी, मेंढक दौड़, साधारण दौड़ तथा सोलो साइकिल रेस जैसे मनोरंजक खेल शामिल थे। सभी खेलों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। समारोह के अंत में सभी बच्चों को मिष्ठान एवं खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया।

### कलेक्टर कार्य की ...

जनपद पंचायत सीईओ को फील्ड निरीक्षण सतत रूप से करने और कार्य की प्रगति की वास्तविक स्थिति पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित मापदंड के अनुसार कार्य नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी इंजीनियरों को निर्माण ऐप पर कार्य की वास्तविक स्थिति की फोटो अनिवार्य रूप से अपलोड करने तथा प्रत्येक निर्माण स्थल पर साइन बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत भवनों का निर्माण समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। साथ ही कहा कि आंगनबाड़ी भवन गांव के बीच में ही निर्मित होना चाहिए, ताकि बच्चों और पालकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। मंडी बोर्ड के तहत संचालित निर्माण कार्यो की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए की कृषक सुविधा केंद्र में धान खरीदी से संबंधित जानकारी होना चाहिए।

